ऐसा प्यार बहा दे मैया

ऐसा प्यार बहा दे मैया, चरणों से लग जाऊ मैं ।
सब अंधकार मिटा दे मैया, दरस तेरा कर पाऊं मैं ।।

जग मैं आकर जग को मैया, अब तक न मैं पहचान सका |
क्यों आया हूँ कहाँ है जाना, यह भी ना मै जान सका |
तू है अगम अगोचर मैया, कहो कैसे लख पाऊं मैं ||

कर कृपा जगदम्बे भवानी, मैं बालक नादान हूँ |
नहीं आराधन जप तप जानूं, मैं अवगुण की खान हूँ |
दे ऐसा वरदान हे मैया, सुमिरन तेरा ग़ाऊ मैं ।|

मै बालक तू माया मेरी, निष् दिन तेरी ओट है |
तेरी कृपा से ही मिटेगी, भीतर जो भी खोट है |
शरण लगा लो मुझ को मईया, तुज पे बलि बलि जाऊ मैं ||

स्वर : हरी ॐ शरण

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26/title/aisa-pyar-baha-de-maiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |